2887/020

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 521586

# पट्टा विलेख

अवधि 20 वर्ष 11 माह स्टाम्प 3,000/— रू0

हम कि **मौहम्मद अय्यूब व मौहम्मद कय्यूम** पुत्रगण श्री मौहम्मद यूसुफ निवासीगण मुगलपुरा, लाकड़ी वालान, शहर व जिला मुरादाबाद जिन्हें आगे पट्टाकर्ता कहा गया है और जो इस विलेख के प्रथम पक्षकार हैं।

तथा

**श्रीमती नाज़िया परवीन** पत्नी हाजी फरहान निवासी भूड़ा चौक, ईदगाह रोड, मुरादाबाद जिसे आगे चलकर पट्टेदार कहा गया है और जो इस विलेख का द्वितीय पक्षकार है, विलेख पंजीकरण हेतु अधिकृत हैं:—

के बीच किया गया है।

M. Ayub. M. Qayum

15-11-21

नितिन श्रीवास्तव
Nitin Shrivastava
मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक एवं विधिवत गठित न्यायवादी
Chief Regional Manager & Duly Constituted Attorney
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
Hindustan Petroleum Corporation Limited
मेरठ रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय
Meerut Retail Regional Office

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 521587

(2)

और चूंकि एक किता आराजी रकबई **488.11 वर्ग मीटर** आराजी मय बाउन्ड्रीवाल मुतात्लिका गाटा सं0 **112मि0, 113मि0, 114/1मि0** स्थित **ग्राम मुस्तफाबाद मु0, तहसील व जिला मुरादाबाद** जिसका पूर्ण विवरण नीचे उल्लिखित है, जिसका मानचित्र साथ में संलग्न है।

चूंकि पट्टाकर्ता प्रथम पक्ष ने उसके और अधिक फायदाप्रद उपभोग के हेतु उसे पट्टे पर देने का निश्चय किया है।

चूंकि पट्टेदार द्वितीय पक्षकार ने एक पेट्रोल पम्प लगाना है जिसको उक्त बाउन्ड्रीवाल में स्थापित करना है और उक्त सम्पत्ति का किराया सम्पत्ति के मूल्यांकन को देखते हुए अधिक से अधिक 12,000/- रू0 वार्षिक देने को रजामन्द हो गया है, जो कि पट्टाकर्ता को स्वीकार्य है।

15-11-21

M. Ayub

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BM 521588

14 FEB 2020

(3)

अब यह विलेख साक्ष्य है कि पट्टाकर्ता द्वारा पट्टेदार से 12,000/- रू0 वार्षिक धनराशि को किराये के रूप में जिसकी प्राप्ति की अभिस्वीकृति पट्टाकर्ता एतदद्वारा करता है, तथा आरक्षित भाटक के प्रतिफलस्वरूप पट्टाकर्ता पट्टेदार के पक्ष में उक्त सम्पत्ति तथा उस पर होने वाले निर्माण से सम्बन्धित सभी लाभ, अधिकार तथा सुखाचार का, जिसका इस विलेख में आगे चलकर और विशेष रूप से वर्णन किया गया है, अन्तरण करता है जिससे कि पट्टेदार एतदद्वार अन्तरित सम्पत्ति को निम्नलिखित शर्तों के अधीन पुनः अनुमोदित और स्वीकार कर लिया था, दिनांक **17-12-2018** से 16-11-2039 तक के लिये धारण करेगा :-

15-11-21

नितिन श्रीवास्तव
Nitin Shrivastava
मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं विधिवत गठित...
Chief Regional Manager & Duly Constituted Attorney
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
Hindustan Petroleum Corporation Limited
मेरठ रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय
Meerut Retail Regional Office

1. यह कि पट्टेदार पट्टाकर्ता को पट्टे के अन्तराल बीस वर्ष ग्यारह माह में केवल 12,000/– रूपये वार्षिक किराया वार्षिक भाटक के रूप में बीस वर्ष ग्यारह माह तक नियमित अदायगी करेगा।
2. यह कि पट्टेदार के उक्त सम्पत्ति पर नियमानुसार स्वीकृत मानचित्रानुसार भवन बनाने, टीन शेड आदि का अधिकार पेट्रोल पम्प एवं अन्य कार्य प्रयोजनार्थ होगा, इस प्रयोजनार्थ पट्टेदार को प्रस्तावित भवन निर्माण या किसी परिवर्तन या परिवर्द्धन करने में पट्टाकर्ता कोई एतराज नहीं है और न भविष्य में होगा।
3. यह कि अगर कम्पनी को सब–लीज की जरूरत पेश आती है तो इसी अवधि के अन्दर पट्टाताता द्वारा सब–लीज की जा सकेगी।
4. यह कि अन्तरित सम्पत्ति अथवा उस पर बनी वर्तमान स्थिति को बदलने, गिरवाने अथवा अपनी इच्छानुसार उपयोग तथा निमार्ण आदि करने का अधिकार पट्टेदार को होगा। उक्त भूमि से संबन्धित समस्त खर्चे, [redacted] विधुत शुल्क, जल शुल्क, निर्माण खर्च वगैरा पट्टेदार के होगें। भाटक से इनका कोई वास्ता व सरोकार न होगा।
5. इस पट्टे में प्रयुक्त पद पट्टाकर्ता तथा पट्टेदार में जब तक प्रसंग में अन्य व्याख्या न हो, पट्टाकर्ता की दशा में उसके उत्तराधिकारी तथा समनुदेशिती भी सम्मिलित होगें और पट्टेदार की दशा में उसके उंत्तराधिकारी, दायद, निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि तथा समनुदेशिती भी सम्मिलित होगें।

M. Ayub.

15-11-21

नितिन श्रीवास्तव
Nitin Shrivastava
मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक एवं विधिवत
Chief Regional Manager & Duly C...
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन
Hindustan Petroleum Corporation Limited

6 यह कि उक्त सम्पत्ति दिनांक 17-12-2018 को जरिए पट्टा विलेख दि0 18-12-2018 व रजि0 शुदा बही सं0 एक जिल्द नं0 14865 पृष्ठ 65/78 बनम्बर 22025 के द्वारा द्वितीय पक्ष को पट्टे पर दी गयी थी। किन्तु उक्त विलेख सं0 22025/2018 में टाइप की सहवन गलती से क्षेत्रफल 488.11 वर्ग मीटर की जगह 450.32 वर्ग मीटर टाइप हो गया जबकि वास्तव में सही क्षेत्रफल 488.11 वर्ग मीटर है जो कि पट्टे पर दिया गया था। अतः इस विलेख में सही क्षेत्रफल 488.11 वर्ग मीटर लिखा गया है तथा किरायेदारी दिनांक 17-12-2018 से ही निरन्तर चल रही है जो कि 16-11-2039 तक जारी रहेगी।

## अन्तरित संपत्ति का विवरणः-

भूमि पर पट्टाकर्ता बहैसियत भूमिगधर मालिक काबिज व दखील चला आता है।

कुल भूमि का क्षेत्रफल **488.11 वर्ग मीटर** के क्षेत्रफल मय चहार दीवारी मुताल्लिका गाटा सं0 **112मि0, 113मि0, 114/1मि0** स्थित **ग्राम मुस्तफाबाद मु0, तहसील व जिला मुरादाबाद** जिस पर प्रथम पक्ष बहैसियत भूमिधर मालिक है जो पट्टा विलेख द्वारा अन्तरित किया गया है। दिशायें सीधी पूरब-पश्चिम नहीं है कुछ घूमी हुई हैं। जिसका नक्शा संलग्न है।

**पूरब** – सम्पत्ति दीगर शख्स।

**पश्चिम**– आराजी प्रथम पक्ष।

**उत्तर** – आराजी मौहम्मद रिजवान कुरैशी आदि।

**दक्षिण** – सड़क मुरादाबाद-रामपुर रोड।

लिहाजा यह **पट्टा विलेख** बहालत सेहत नफस व सबाते अकल बदुरूस्ती होश व हवास अपने-अपने तहरीर कर ताकि ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत काम आवे।

नोट– पट्टाकर्ता तथा पट्टेदार के फोटो साक्षीगण की पहचान पर मौहम्मद इस्लाम उर्फ बाबू एडवोकेट ने सत्यापित किये हैं।

ह0 M. Ayub ह0

गवाह

रिजवान कुरैशी
पुत्र श्री हाजी इरफान
नि0 भूड़े का चौराहा
मुरादाबाद।

गवाह

मौहम्मद फरहान
पुत्र हाजी इरफान
नि0 भूड़े का चौराहा,
मुरादाबाद।

यह पट्टा विलेख आज दिनांक **18–02–2020 ई0** बमुकाम मुरादाबाद बइकरार पक्षकारान बमश्वरे मौहम्मद इस्लाम उर्फ बाबू एडवोकेट, **श्रीबालाजी कम्प्यूटर ग्राफिक्स,** कोर्ट प्रथम गेट, मुरादाबाद के लिये हुमा ने टाइप किया।



Mohammad Islam Urf Babu
(Advocate)
Ch. 4 Kachan S.B.I. Road, MBD.
M. 9897236662

15-11-21

नितिन श्रीवास्तव
Nitin Shrivastava
मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक एवं विधिवत गठित न्यायवादी
Chief Regional Manager & Duly Constituted Attorney
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
Hindustan Petroleum Corporation Limited
मेरठ रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय
Meerut Retail Regional Office